मुंबई को मिली 'नई जीवन रेखा'

मेट्रो लाइन-3 का ट्रायल रन शुरू

■ **मुंबई, नवभारत न्यूज नेटवर्क.** मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एमएमआरसीएल) ने मंगलवार को आरे कॉलोनी के सारिपुट नगर में कोलाबा-बांद्रा-सीप्ज मेट्रो लाइन-3 का परीक्षण परिचालन (ट्रायल रन) आरंभ किया. महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने पूर्वाह्न 11 बजे मेट्रो ट्रेन को हरी झंडी दिखाई. मुंबई मेट्रो की तीसरी लाइन में 33.5 किलोमीटर लंबा भूमिगत मार्ग शामिल है. यह लाइन दक्षिण मुंबई के कोलाबा को महानगर के पश्चिमी उपनगरों से जोड़ेगी. इससे लोकल ट्रेन सेवा पर यात्रियों की भीड़ में कमी आने की उम्मीद है.

ट्रैफिक जाम की समस्या होगी खत्म : CM

इस मौके पर शिंदे ने कहा कि इस मेट्रो मार्ग के शुरू होने से यातायात जाम की समस्या समाप्त हो जाएगी. फडणवीस ने मेट्रो लाइन-3 के परीक्षण परिचालन को ऐतिहासिक क्षण करार देते हुए कहा कि यह 'मुंबई की नई जीवन रेखा होगी' और जब पूरे 40 किलोमीटर लंबे मार्ग पर चलेगी, तो नागरिकों के लिए यह एक आध्यात्मिक संतुष्टि होगी.